C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:57 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 5:19 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 289 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 15 मई 2024


डबल इस्मार्ट का टीजर रिलीज,...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**हल्द्वानी।** महिला और उसके बेटों पर चाकू से हमला करने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलिक का बगीचा निवासी रिफायत पुत्र नजाकत अली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि घर के नीचे बनी दुकान एक बिजली वाले को किराये पर दे रखी है। जिसके चलते उसके घर के सामने रहने वाला शखावत उससे व उसके परिवार से रंजिश रखता है. तथा आयदिन आते-जाते समय परिवार वालो के साथ गालीगलौच व बदतमीजी करता है उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता रहता है। तहरीर में कहा गया है कि जब मंगलवार को उसकी माता अमीरजहां इंदिरा में रहने वाले अपने बडत्रे बेटे से मिलने के लिस जा रही थी तभी शखावत ने उन्हें रोक लिया और गाली गलौज करने लगा। जब उसकी मां ने विरोध किया तो शखावत व उसके चार-पांच अज्ञात लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। जब अमीरजहां को बचाने के लिए मोनिस व दानिश आए तो शखावत ने अमीरजहां को जान से मारने की नियत से उन पर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि मां को बचाने के प्रयास में दोनों भी घायल हो गए। फिरासत ने मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चाकू समेत युवक दबोचा

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। वनभूलपुरा थाना पुलिस को क्षेत्र में गश्त के दौरान सूचना मिली कि दुर्गा मंदिर को जाने वाले रोड तिराह पर एक युवक काफी देर से चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गए युवक ने अपना अरबाज अहमद पुत्र अमीर अहमद निवासी साबरी मस्जिद के पास दुर्गामंदिर इन्द्रानगर बताया।

## दीक्षांत समारोह: 119 आरक्षी बने सशस्त्र सीमा बल का हिस्सा

श्रीनगर गढ़वाल

हमारे संवाददाता

119 आरक्षी प्रशिक्षुओं को 32 सप्ताह का गहन प्रशिक्षण दिया गया। एक जून 2017 से अधिकारिक रूप से स्थापित इस केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र में अब तक कुल 93 प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न करवाए हैं। केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र सशस्त्र सीमा बल श्रीनगर गढ़वाल में आज प्रथम बुनियादी प्रशिक्षण कोर्स का दीक्षांत समारोह धूम धाम से मनाया गया। इस दीक्षांत परेड में विभिन्न प्रान्तों से (उत्तर प्रदेश-49, बिहार-31, राजस्थान-31, हिमाचल प्रदेश-



02, हरियाणा-02, मध्य प्रदेश-02, जम्मू एवं कश्मीर-01 पश्चिम बंगाल-01, कुल 119) आरक्षी गहन प्रशिक्षण संपन्न करके बल के सिपाही के रूप में राष्ट्र सुरक्षा का कार्य करने के लिए उपस्थित है। इस बैच में दो स्नातकोत्तर डिग्री धारक है और 92 स्नातक डिग्री धारक हैं। दीक्षांत परेड समारोह के मुख्य अतिथि छेरिंग दोरजाई, महानिरीक्षक (आसूचना) बल मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा सर्वप्रथम शहीद स्मृति स्थल पर एस.एस.बी. के शहीद हुए जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। तपश्चात आरक्षी प्रशिक्षु (पुनः नियुक्ति) द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई एवं मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर छेरिंग दोरजाई, महानिरीक्षक, आसूचना, सशस्त्र सीमा बल, बल मुख्यालय नई दिल्ली के दिशा निर्देश में डिप्टी कमांडेंट राजन राय द्वारा प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय ध्वज व निशान के समक्ष संविधान को साक्षी मानकर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि इन 119 आरक्षी प्रशिक्षुओं को 32 सप्ताह के गहन प्रशिक्षण की अवधि में इन्हें शारीरिक व मानसिक तौर पर क्षमता प्रदान करने के साथ-साथ इनकी सोच में सकारात्मकता की तरंगे प्रवाहित करने का सम्पूर्ण प्रयास किया गया है, जिससे बल की निरंतर बढ़ती हुई जिम्मेदारियों में यह सभी सशक्त एवं सफल सैनिक के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके।

मंदिर समिति ने देर रात तक दर्शन कराया

## टूटे रिकॉर्ड : दो दिन में गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचे सर्वाधिक तीर्थयात्री

देहरादून/चमोली

हमारे संवाददाता

यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में इस बार पहुंचे तीर्थयात्रियों ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खासकर दो दिनों से रिकॉर्ड भीड़ जुटने से धामों में मंदिर समिति ने देर रात तक दर्शन कराया है। जबकि यमुनोत्री की भीड़ और गंगा सप्तमी पर बड़ी संख्या में गंगोत्री में श्रद्धालु पहुंचे। इससे धाम में खासी चहल-पहल देखने को मिली। इधर, रिकॉर्ड भीड़ जुटने पर पुलिस-प्रशासन ने देर रात तक व्यवस्था बनाई। चारधाम में इस बार रिकॉर्ड तीर्थयात्री जुट रहे हैं। करीब 6 किमी पैदल दूरी पर यमुनोत्री धाम में भी रिकॉर्ड यात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं।

यमुनोत्री धाम में 2023 में 28 मई को सर्वाधिक 12045 तीर्थयात्री पहुंचे थे, जो पिछले कई सालों के रिकॉर्ड था। लेकिन इस साल गत दिवस यमुनोत्री में 12148 तीर्थयात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। यमुनोत्री में दर्शन को तीर्थयात्रियों की भीड़ जुटने का सिलसिला जारी है। इसके लिए प्रशासन ने बैरियर और गेट सिस्टम लागू कर दिया है। अब यमुनोत्री धाम में दर्शन सुचारू रूप से हो रहे हैं। लेकिन यमुनोत्री की भीड़ गंगोत्री धाम में पहुंचने से दबाव बढ़ गया है। यहां दो दिनों से रिकॉर्ड तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये हैं। पिछले साल यमुनोत्री के बाद गंगोत्री में 29 मई को रिकॉर्ड 13670 तीर्थयात्री एक दिन में पहुंचे थे, जो इस साल गत दिवस 18973 हो गया है।



### गुजरात के तीर्थयात्रियों का वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

अहमदाबाद गुजरात से चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं का वाहन गंगोत्री सोनगाड़ के पास हादसे का शिकार हो गया। वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे की वजह ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। गंगोत्री धाम की ओर जाते हुए सोनगाड़ के पास ब्रेक फेल होने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यातायात निरीक्षक राजेन्द्र नाथ के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने घायलों को 108 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटवाडी पहुंचाया गया। वाहन में चालक सहित 18 लोग सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। आठ लोगों को हल्की चोटें आई हैं।

## ट्रेन में चोरी के अपराध में 1 वर्ष 9 माह जेल में रहने के बाद अभियुक्त दोषमुक्त

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अभिषेक कुमार गुप्ता द्वारा अपनी तहरीर की आरती थाना काठगोदाम में हिसाब से सीधी की दिनांक 9-7-2022 को दिल्ली से काठगोदाम रानी की एक्सप्रेस से काठगोदाम जा रहा था सीट नंबर 25 कोच ए के सेकंड स्लीपर सुबह का समय फोन चार्जिंग में लगाया था अपनी सीट पर लौटा तो काठगोदाम स्टेशन पहुंचने पर पता चला कि फोन गाड़ी में नहीं है थाना जीआरपीएफ द्वारा इस संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 6/ 2022 अंतर्गत धारा 380 411 413 भारतीय दंड संहिता के तहत मुलजिम अभिजीत कुमार बिट्टू निवासी धोबीघाट तल्लीताल जिला नैनीताल को दिनांक 16 नवंबर 2022 गिरफ्तार कर जिला कारागार हल्द्वानी में अनिरुद्ध किया गया समस्त विवेचना के उपरांत विवेचक द्वारा संपूर्ण विवेचना की उपरांत अभियुक्त अभिजीत के विरुद्ध माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे की न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित कर केस का विचारण प्रारंभ करवाया गया अभियुक्त अभिजीत के ऊपर 413 भारतीय दंड संहिता की धारा होने के कारण उपरोक्त वाद को रेलवे कोर्ट से प्रथम अपर जिला जज हल्द्वानी में स्थानांतरण किया गया कुल मिलाकर अभियोजन ने अपना वाद को साबित करने के लिए आठ गवहो को न्यायालय श्रीमान में परीक्षित कराया गया अभियुक्त अभिजीत की ओर से विधिक सेवा प्राधिकरण से 6 महा पूर्व न्याय मित्र अधिवक्ता हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा को नियुक्त किया गया अधिवक्ता राजन मेहरा द्वारा 6 माह में अपनी उचित पैरवी करने गवाहों की गवाही में अत्यधिक विरोधाभास लाने और अभियुक्त से किसी प्रकार की रिकवरी ना किसी भी व्यक्ति द्वारा ट्रेन से अभियुक्त को चोरी करते हुए ना देखने सीसी कैमरा में अभियुक्त का नहीं होने अभियुक्त से अभियोजन पक्ष द्वारा अभ्यासरत चोरी करने के संबंध में कोई अपराधिक इतिहास अभियोजन पक्षी द्वारा साबित न कर पाने 1 वर्ष 9 माह से जेल में अनिरुद्ध अभियुक्त अभिजीत को न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला जज हल्द्वानी अमरिंदर सिंह द्वारा दोष मुक्त किया गया। अभियुक्त को थाना पुलिस द्वारा गलत फंसाई जाने एवं गलत विवेचना करने के आधार पर कुल मिलाकर गरीबी होने और उचित पर भी नहीं कर पाने के कारण 1 वर्ष 9 माह तक जेल में रहना पड़ा।

## मकान का सील तोड़ने पर एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी की ओर से एक व्यक्ति के खिलाफ सील किए गए भवन की सील तोड़ने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी के अपर सहायक अभियंता अंकित बोरा ने कोतवाली पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि राजपुरा वार्ड नं0 14, टनकपुर रोड हल्द्वानी निवासी अजीम अहमद द्वारा अवैध निर्माण करने पर प्राधिकरण ने उसे 18 अगस्त 2022 को सीलबन्द कर दिया था। इसके बाद उक्त सीलबंद भवन में निर्माण कार्य करने की जानकारी मिलने पर प्राधिकरण ने उसे 28 अक्टूबर 2022 को दोबारा सीलबन्द कर दिया। इधर न्यायालय में आफताब आलम ने प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें कहा गया कि अजीज अहमद ने सीलबंद भवन की सील तोड़ कर दोबारा निर्माण कार्य शुरू दिया है जिसके बाद न्यायालय उक्त स्थल का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे कि यदि विपक्षी के द्वारा सीलबन्द भवन की सील को तोड कर निर्माण कार्य किया जा रहा है तो विपक्षी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए सुनवाई की अग्रिम तिथि से पूर्व आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करें। जिसके बाद प्राधिकरण की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया तो अजीज सील तोड़ कर मकान में निवास करता हुआ पाया गया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घोड़ा स्टैंड के समीप गुलदार की चहल-कदमी दिखाई दी

**नैनीताल।** बारापत्थर घोड़ा स्टैंड के समीप रात 10 बजे गुलदार चहल कदमी करते हुए दिखाई दिया। वहां पर मौजूद घोड़ा चालकों ने गुलदार का वीडियो बनाया सुभान और सुलमान ने बताया कि रात को अपने घोड़े की देखभाल करने के लिए आते हैँ। रोज की तरह थोड़ी देर के लिए गाड़ी में बैठ गए तभी अचानक से उन्होंने एक गुलदार को देखा और तुरंत अपने मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया। पहाड़ो में गुलदारों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है, नैनीताल घोड़ा स्टैंड में रात के वक्त गुलदार चहल कदमी करता कैमरे में कैद हुआ है। नैनीताल के बारा पत्थर स्थित घोड़ा स्टैंड में गुलदार मुख्य मार्ग में घूमता नजर आया। वीडियो में दिख रहा है कि गुलदार अरबिंदो आश्रम के जंगल से होते हुए घोड़ा स्टैंड से मुख्य मार्ग पर उतर गया।

## ऑपरेशन स्माइल टीम ने 76 लोगों को बरामद कर परिजनों को सौंपा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिला पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत लापता 76 लोगों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। आपरेशन स्माइल लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रहा है। एसएसपी कार्यालय के मुताबिक जनपद में लापता लोगों की सकुशल बरामदगी के लिए आपरेशन स्माइल टीम लगी हुई है।

पुलिस के मुताबिक 1 मई 24 से 13 मई 24 तक पुलिस मुख्यालय, उत्तराखंड की पहल पर प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत जनपद में एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी टीसी के आदेशानुसार व नोडल अधिकारी /सहायक पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर के निर्देशन में 76 लापता लोगों को सकुशल बरामद किया। पुलिस ने सभी को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक टीम ने 5 बालिका, 33 पुरुष, 38 महिलाओं कुल 76 लोग बरामद । यह लोग किसी वजह से परिजनों से बिछुड़ गए थे। सकुशल मिलने पर उनके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। मिलवाकर उनके सुपुर्द किया गया। आपरेशन स्माइल में 4 टीमों का सर्किलवार गठन किया गया है। जिनमें टीम प्रभारी के अलावा 1 एसआई, 4 कांस्टेबल तथा 1 महिला कांस्टेबल को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त अभियान में 1 टीम एंटी हयूमन ट्रेफिकिंग सेल को शामिल किया है। बरामद लोगों के परिजनों ने पुलिस की सराहना की। बता दें कि गठित टीमें जनपद में गुमशुदा महिला पुरुष व बच्चों को उनके परिजनों से मिलने हेतु यह अभियान मुख्यालय स्तर पर चलाया जा रहा है।



# टू लाइन पुल के निर्माण कार्य के शुरू, ग्रामीणों में खुशी

**भवाली/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अस्थाई खंड लोनिवि भवाली के भवाली बाई अल्मोड़ा एन एच मार्ग में उत्तराखंड शासन द्वारा 5 करोड़ 47 लाख की लागत में बनने वाले टू लाइन पुल के निर्माण कार्य के शुरू होने से भवाली नगर में जाम की समस्या से निजाद मिलने की आश से भवाली नगर व नगर से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी की लहर है।



निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा ने बताया कुमाऊं के मुख्य द्वार भवाली नगर को जाम की समस्या से निजाद दिलाने पूर्व मुख्यमंत्री स्व नारायण दत्त तिवाडी ने वर्ष 2005-6 में बतौर उत्तराखंड के मुख्य मंत्री भवाली बाई पास के निर्माण की घोषणा की गयी थी जिसके लिए टोकम मनी के रूप में धनराशी भी स्वीकृत की गयी थी। भवाली बाई पास का निर्माण दो पार्टो में होना था जिसमें प्रथम पार्ट में भवाली सैनिटोरियम से भीमताल मार्ग की ओर नैनीबैंड के समीप भवाली नगर के बहार से ये नवीन बाई पास कटान कर मार्ग निर्माण होना था वहीं द्वितीय पार्ट में सैनिटोरियम गेट के समीप से नगर के बहार से अल्मोड़ा एन एच मार्ग में भवाली शमशान घाट के समीप ये बाई पास मोटर मार्ग का निर्माण करते हुए पुलिया निर्माण के साथ ये एन एच मार्ग अल्मोड़ा मार्ग में जुडना था। मगर विभागीय कार्यवाही के चलते बीते दो दशक से कछुवा गति से ये कार्य चल रहा था। बीते 4 सालों से यातायात के चलते भवाली भीमताल मार्ग में बढ़ते यातायात के बढ़ते दबाव व दिन भर जाम की समस्या को देखते हुए जिला व प्रदेश शासन के भवाली बाई पास की मेहत्ता को देखते हुए ओर नगर पालिका बोर्ड द्वारा जनपद के विकास योजना की हर बैठक में भवाली बाई पास के निर्माण की मांग को उठाये जाने व निवर्तमान भवाली नगर पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा द्वारा क्षेत्रीय सांसद/विधायक के साथ ही लोक निर्माण सचिव से पत्रचार व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व लोनिवि सचिव पंकज पांडेय से लगातार सचिवालय में जाकर व्यक्तिगत रूप से जनहित में भवाली बाई पास के निर्माण को यशशीघ्र पूर्ण करने के निवेदन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा हर माह भवाली बाई की समीक्षा के चलते जहां इसके पूर्ण निर्माण के लिए धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर धरातल पर पुन: कार्य शुरू करवाया गया वहीं भवाली बाई पास के लिए अल्मोडा एन एच पर 5करोड 47 लाख की स्वीकृति के साथ धरातल पर कार्य शुरू होने से लोगों में भवाली बाई पास निर्माण की आस जगने लगी है।

भवाली बाई पास पुल का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तेजी से शुरू कर दिया गया है। 5 करोड़ 47 लाख का ये पुल भवाली सैनिटोरियम बाई पास सड़क को भवाली अल्मोड़ा एन एच मार्ग में श्मशान घाट भवाली के समीप जोड़ेगा।30 मीटर स्पान का एक क्लास का ये ये टू लेन पुल होगा।जिसका निर्माण 12 माह में पूर्ण हो जायेगा।

> *भवाली नगर ही नहीं पुरे कुमाऊ क्षेत्र के लिए अति महत्वपूर्ण है भवाली बाई पास का निर्माण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के लगातार भवाली पास निर्माण को की गयी समीक्षा का ही प्रतिफल है कि आज भवाली बाई पास का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हुआ है।*
>
> ***स्वाति पंत, एई अस्थाई खंड लोनिवि, भवाली***




## भाजपा महिला मोर्चा की नगर मंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर मंत्री गीता साहू द्वारा एक ज्ञापन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट को दिया गया तथा ज्ञापन देते हुए गीता साहू ने जिला अध्यक्ष को अवगत कराया की वार्ड नंबर 32 में इंदिरा नगर मेंएक साजिश के तहत हिंदुओं के नगर निगम चुनाव में वोटर लिस्ट जो बनाई गई उसमें सभी हिंदुओं के नाम काट दिए गए और उन्होंने जिले अध्यक्ष जी को अवगत कराया की लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी सरकारी कर्मचारी जो की एक धर्म विशेष की है हिंदुओं के नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं करती है जिससे इंदिरा नगर में रहने वाले हिंदू परिवार वोट डालने से वंचित हो जाते हैं और नगर निगम की वोटर लिस्ट में बूथ संख्या 127 के सभी वोटो के नाम हटा दिए गए हैं इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने गीता साहू जी को आश्वासन दिया है कि यथाशीघ्र आज ही में नगर निगम के अधिकारियों से बात करके आप सभी लोगों के वोटर लिस्ट में नाम दर्ज हो सके इस अवसर पर वार्ड के प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी नगर उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कैडेड कोर के छात्रों का विशेष निरीक्षण

**भीमताल/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर के राष्ट्रीय कैडेड कोर के छात्रों का मंगलवार को विशेष निरीक्षण हुआ। इस दौरान निरीक्षण में कोमोडोर बलराजेश सिंह ने छात्र /छात्राओं के साथ वार्तालाप किया जिसमें भीमताल परिसर में एनसीसी में महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा हुई,जिसमें सूटिंग रेन्ज व ऑफसिटिकल ग्राउन्ड थे। कोमोडोर द्वारा ग्राफिक एरा द्वारा लगातार दो वर्षो से यहाँ के छात्रों का आरडीसी परेड के लिए चयन होने पर खुशी जाहिर की एवं अधिक से अधिक छात्रों को आरडीसी परेड के लिए प्रोत्साहित किया। व ग्राफिक एरा के छात्र आगामी वर्षो में भी और अधिक प्रयास कर अपनी यूनिवर्सिटी के अलावा प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान नेबल यूनिट के कोमोडोर बलराजेश सिंह, कमांडिग आफिसर कर्नल राजेश कौशिक, ट्रेनिंग आफिसर कर्नल रोहित आसवा, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के निदेशक से.नि कर्नल अनिल कुमार,एएनओ लेफ्टिनेन्ट सूरज धौनी समेत अन्य लोग मौजूद रहें।



## NEWS / फटाफट

### बिगहेड और कॉमन कार्प मछलियों को निकालने का काम शुरू



**नैनीताल।** नैनीझील के अस्तित्व के लिए खतरा बन चुकी बिगहेड और कॉमन कार्प मछलियों को निकालने का काम एक बार फिर शुरू कर दिया है। जानकारी देते हुए झील की संरचना की रखरखाव करने वाले व झील को ऑक्सीजन सप्लाई करने वाली एजेंसी लेक एरीएसन के सुपरवाइजर आनंद सिंह कोरंगा ने बताया नैनीताल की जीवनदायिनी नैनी झील में करीब 60 प्रतिशत के आसपास कॉमन कार्प और बिगहेड मछलियां हैं जो नैनी झील के अस्तित्व के लिए खतरनाक है। जिन्हें अब झील से निकलने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला विकास प्राधिकरण ने झील से मछलियां निकालने के लिए रुद्रपुर की बायो मैनिपुलेशन को 26.45 लाख ठेका दिया है जो इस दौरान नैनी झील में एक किलो से अधिक वजनी बिग हेड और कॉमन कार्प मछलियों को निकालने का काम कर रही है।

### कार चालक के खिलाफ तहरीर दी

**हल्द्वानी।** कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवको की मौत के मामले में होटल स्वामी की ओर से पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में होटल स्वामी हिमांशु पाण्डे पुत्र स्व. त्रिलोचन पाण्डे निवासी बेरीपड़ाव ने कहा कि उसके होटल में काम करने वाले दीवान सिंह अभय सिंह होटल के काम से स्कूटी लेकर मोतीनगर की ओर जा रहे थे तभी कार संख्या यूके04वाई 1499 ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें 108 की मदद से अस्पताल ले जाया गया जहां पर दोनों की मौत हो गई। होटल स्वामी ने कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

## पटवाडांगर में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल वन प्रभाग की ओर से श्री एपाल देवता इंटर कॉलेज में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में वाद विवाद कर व पहाड़ी गीत गाकर जंगलों को आग से बुझाने की अपील की गई। साथ ही स्कूली बच्चों व ग्रामीणों की ओर से भी जंगलों को आग से बुझाने की शपथ ली गई।

नैनीताल वन प्रभाग की ओर से मंगलवार को श्री एपाल देवता इंटर कॉलेज पटवाडांगर में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि किशन दानु की ओर से गीत गाकर लोगों को जंगलों को आग से बुझाने की अपील की। उन्होंने लोगों को जंगलों में लगने वाली आग के नुकशान के विषय में भी बताया। कहा कि लोग जंगलों में आग लगाकर अपना ही नुकशान कर रहे हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को जंगलों में आग से बचाने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में पहुंचे वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊं वृत टीआर बीजू लाल ने कहा कि जंगलों में आग लगने से पेड़ पौंधों समेत वन्य जीवों की कई प्रजातियों को नुकशान होता है। साथ ही वातावरण प्रदूषित होता है। इसलिए जंगलों को हमेशा आग से बचाना चाहिए। इस दौरान डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी, एसडीओ राजकुमार, एसीएफ स्वाति, साक्षी, वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा, ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख हिमांशु पांडे, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह रावत, सरपंच कमलेश जीना, प्रधानाचार्य आरपी जोशी व शकुन्तला उपस्थित थे।

## घोड़ा स्टैंड के समीप गुलदार की चहल-कदमी दिखाई दी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारत विकास परिषद हल्द्वानी शाखा द्वारा पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर बीपीएल शिक्षा समिति नवाबी रोड हल्द्वानी में आयोजित किया गया । रूपरेखा के अनुसार प्रतिदिन शिविर का प्रारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम तथा देश हमें देता है सब कुछ गीत से किया गया। शिविर में मुख्य रूप से योग, साइबर क्राइम, सेल्फ डिफेंस, आर्ट एंड क्राफ्ट, महापुरुषों के प्रेरणादायक प्रसंग, स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जानकारी, गायत्री मंत्र पाठ, कहानी लेखन, भाषण और कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजिका महिला एवं बाल विकास डॉक्टर पाला मेहता, प्रांतीय महिला संयोजिका श्रीमती गीतू केसरवानी, शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज, सचिव डॉक्टर अभिषेक मित्तल, महिला संयोजिका निधि अग्रवाल तथा बी पी एल शिक्षा समिति की अध्यक्ष पार्वती किरोला का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर से 55 से 60 बच्चे लाभान्वित हुए।



# अभिमत



## दो पहलू

*इस मामले के दो पहलू हैं। भ्रामक विज्ञापन के को लेकर सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बाद राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने कार्रवाई की है, जिससे इस विभाग पर सवाल उठ रहे हैं। जिन उत्पादों के निर्माण का लाइसेंस रद्द किया गया है, वह वर्षों से लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। यदि यह औषधियां मानक पर खरी नहीं हैं तो सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने से पहले इन औषधियों के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया गया? उत्तराखंड की एलोपैथिक दवा बनाने वाली कई कंपनियों के उत्पाद भी जांच में खरे नहीं उतरते हैं। राज्य सरकार के संबंधित विभागों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।*

उत्तराखंड सरकार के राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने पतंजलि और दिव्य फार्मेसी की 14 औषधियों के निर्माण का लाइसेंस रद्द कर दिया है। उत्तराखंड सरकार की ओर से सुप्रीमकोर्ट में पेश किये गये हलफनामे में बताया गया कि पतंजलि व दिव्य फार्मेसी की औषधियों के बारे में भ्रामक विज्ञापन पर बार-बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन पालन नहीं किया गया। इसके बाद दोनों कंपनियों के 14 उत्पादों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया। इस मामले के दो पहलू हैं। भ्रामक विज्ञापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बाद राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने कार्रवाई की है, जिससे इस विभाग पर सवाल उठ रहे हैं। जिन उत्पादों के निर्माण का लाइसेंस रद्द किया गया है, वह वर्षों से लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। यदि यह औषधियां मानक पर खरी नहीं हैं तो सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचने से पहले इन औषधियों के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया गया? उत्तराखंड की एलोपैथिक दवा बनाने वाली कई कंपनियों के उत्पाद भी जांच में खरे नहीं उतरते हैं। राज्य सरकार के संबंधित विभागों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। मानक पर खरी नहीं उतरने वाली दवाओं से लोगों को नुकसान होने के लिए संबंधित विभाग जिम्मेदार हैं। सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी वेतन और सुविधाभोगी हैं। दवाओं के साथ ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच नियमित नहीं की जाती है। जहरीले खाद्य पदार्थ से मृत्यु अथवा ज्यादा संख्या में एक साथ लोगों के बीमार पड़ने पर सरकारी महकमे की नींद टूटती है। पूरे साल नकली मावा, पनीर और अन्य पदार्थ बिकते रहते हैं। सिर्फ होली, दीपावली आदि त्योहारों पर सैंपल भरकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। आयुर्वेदिक औषधियों का साइड इफेक्ट नहीं होता है, जबकि एलोपैथिक की ज्यादातर दवाओं का साइड इफेक्ट होता है। पतंजलि और दिव्य फार्मेसी की औषधियों का निर्माण कुछ वर्षों से हुआ है, इससे पहले आयुर्वेदिक औषधियां बनाने वाली दर्जनभर कंपनियों का कारोबार अरबों रुपये में है। भारत में बनी आयुर्वेदिक औषधियों को विदेश में भी इस्तेमाल किया जाता है। एलोपैथिक पद्धति की दवाओं से उपचार नहीं होने पर आयुर्वेदिक, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योगासन से इलाज के लिए अनेक देशों से मरीज भारत आते हैं। एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से हजारों वर्ष प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति है। विश्व के पहले ग्रंथ वेद का अंग आयुर्वेद है। आयुर्वेद में सुश्रुत, धनवंतरी और चक्र ऋषि का चिकित्सक के तौर पर उल्लेख है। पतंजलि व दिव्य फार्मेसी की औषधियों पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए, सिर्फ भ्रामक विज्ञापन अनुचित है। योगगुरु बाबा रामदेव ने शीर्ष अदालत की अवमानना की है, उसके लिए उन्होंने माफी मांगी है। योग के प्रचार, प्रसार से करोड़ों लोगों को स्वस्थ करने के लिए बाबा रामदेव के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

# पुलिस लाइन जनपद नैनीताल का वार्षिक निरीक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उपनिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र योगेंद्र सिंह रावत द्वार पुलिस लाईन जनपद नैनीताल का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रहलाद नारायण मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

निरीक्षण में सर्वप्रथम पुलिस लाईन में आयोजित की गई परेड द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय का मान-प्रणाम करते हुए उन्हें सलामी दी गई, परेड के दौरान पुलिस बल से शारीरिक दक्षता का आकलन किया गया। निरीक्षण के उपरान्त पुलिस लाइन के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शस्त्रागार के निरीक्षण के दौरान डीआईजी महोदय द्वारा शस्त्रागार में रखे अस्लाहों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए, उनकी साफ-सफाई तथा मेन्टीनेंस पर विशेष ध्यान देने तथा नियमित रूप से सभी अधिकारी कर्मचारीको अस्लाहों की हैडलिंग कराने के निर्देश दिये गये। स्टोर कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपकरणों, बुलेट पूफ्र जैकेटो एंव अन्य सामान के रखरखाव की जानकारी ली गई। परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा उपलब्ध वाहनों की साफ-सफाई तथा फिटनेस का जायजा लेते हुए वाहनों की मेंटेनेंस व सम्बन्धित रजिस्टर अद्यावधिक रखने के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाने पर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने थानों पर लम्बित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। बिना कारण के विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले थाना प्रभारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। पुलिस लाइन के निरीक्षण के पश्चात डीआईजी महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया पुलिस कार्यालय स्थित विभिन्न शाखाओं के निरीक्षण के दौरान कार्यालय के अभिलेखों का गहनता से अवलोकन करते हुए सभी अभिलेखों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान प्रकाश चंद्र एसपी सिटी, हरबंस सिंह एसपी क्राइम/ट्रैफिक, संगीता सीओ लालकुआं, सुमित पांडे सीओ लाईन, नितिन लोहनी सीओ सिटी हल्द्वानी, भूपेंद्र सिंह भंडारी सीओ रामनगर, भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, चंद्रशेखर भट्ट आशुलिपिक, हेमचंद्र सती प्रधान लिपिक, प्रमोद पाठक पीआरओ एसएसपी नैनीताल, समेत अधीनस्थ पुलिस बल मौजूद रहे।

## पुलिस ने कई महीनों से एक ही स्थान में खड़े वाहनों को चिह्नित कर साधा निशाना

**नैनीताल।** सरोवर नगरी मे तल्लीताल थाना अध्यक्ष रमेश बोरा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा कई महीनों से एक ही स्थान में खड़े वाहनों को चिह्नित कर उनके वाहन स्वामी से संपर्क साध उनके खिलाफ बीते रोज मंगलवार को चलानी कार्रवाई की गई और ऐसे वाहन जिनके स्वामियों से संपर्क नहीं हो पाया उन वाहनों को क्रन के द्वारा हटवा कर थाने लाया गया।

बता दें हल्द्वानी रोड पर रोड के किनारे कई महीनो से एक ही स्थान पर कई वाहन खड़े होने से वहां पर यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी पुलिस ने संज्ञान लेते हुए ऐसे वाहन स्वामियों के खिलाफ चालानी कार्यवाही कर क्रेन के माध्यम से वाहनों को हटाया गया। थानाध्यक्ष रमेश बोरा ने कहा रोड नो पार्किंग जॉन पर कोई भी वाहन ना खड़ा करें अगर कोई भी नियम को तोड़ेगा तो उसके खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर चीता मोबाइल के हेड कांस्टेबल शिवराज राणा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## क्रिकेट मैच निदेशक इलेवन ने 55 रन से जीता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल कुलपति इलेवन तथा निदेशक डीएसबी परिसर इलेवन के मध्य आज डीएसए के ऐतिहासिक मैदान में ट्वेंटी ट्वेंटी सद् भावना क्रिकेट मैच खेला गया । निर्धारीत 15 ओवर में पहले खेलते हुए निदेशक डीएसबी परिसर के टीम ने 157 रन बनाए तथा 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कुलपति इलेवन 8 विकेट पर 102 रन ही बना सकी। इस तरह मैच को निदेशक इलेवन ने 55 रन से जीत लिए।

मैच में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने टॉस किया तथा कुलपति इलेवन के कप्तान कुलसचिव दिनेश चंद्र ने फील्डिंग का फैसला किया। कुलपति प्रो रावत के आगमन पर उनका मैदान पर स्वागत किया गया। बैच लगाकर ,अंग वस्त्र पहनकर तथा टोपी पहना कर उनका स्वागत किया गया। निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ,प्रो लता पांडे ,पूर्व डीएसडब्ल्यू प्रो देवेंद्र बिष्ट तथा प्रो चंद्रकला रा वत का टोपी पहना कर स्वागत किया गया । कुलपति ने बल्ले पकड़ कर तथा कुलसचिव दिनेश चंद्र ने बॉलिंग प्रारंभ कर मैच का उद्घाटन किया। निदेशक प्री नीता बोरा ने भी सुरुआती शॉट्स लगाए। कुलपति प्रो रावत ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी। कमेंटेटर प्रो ललित तिवारी निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय रहे। निदेशक इलेवन के कप्तान डॉक्टर संतोष कुमार रहे। पहले खेलते हुए निदेशक इलेवन की तरफ से राकेश ने 48 रन तथा डॉक्टर अशोक कुमार नए 17 रन बनाए ।कुलपति इलेवन की तरफ से बृजेश जोशी ने 25 रन बनाए ।

निदेशक इलेवन के राकेश नए दो विकेट ,डॉक्टर हिरदेश कुमार ने एक विकेट दो कैच तथा पुस्कर घनश्याल ने दो छक्के जड़े। डॉक्टर अशोक कुमार ने एक छक्का जड़ा। अंपायर दुगेश एवम आदि रहे ।तथा स्कोरर कारण गंगोला रहे। विजेताओं को कुलसचिव दिनेश चंद्र ने सम्मानित किया ।राकेश मेन ऑफ द मैच ,डॉक्टर हिरदेश बेस्ट फील्डर ,पुष्कर घनश्यल सर्वाधिक छक्के तथा बृजेश जोशी को ट्रॉफी दी गई ।कुलसचिव दिनेश चंद्र को फेयर प्ले ट्रॉफी दी गई। विजताओं को विनर ट्रॉफी निदेशक इलेवन के कप्तान डॉक्टर संतोष एवम टीम को प्रदान की गई। क्रिकेट मैच बहुत रोमांचक रहा। कुलपति इलेवन से डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ,दिनेश चंद्र , दुर्गेश डिमरी, डॉक्टर संजीव कुमार, डॉक्टर महेंद्र राणा, डॉक्टर मनोज बिष्ट, बृजेश जोशी ,मनमोहन, प्रदीप, जय सिंह शामिल रहे तो निदेशक एलवेन में डॉक्टर संतोष कुमार, प्रो. पदम सिंह बिष्ट , डॉक्टर अमित जोशी, डॉक्टर विजय कुमार ,डॉक्टर अशोक कुमार ,डॉक्टर सोहैल जावेद , डॉक्टर हिरदेश कुमार ,राकेश , पुष्कर घनश्याल, राजेश , शामिल रहे। दर्शक दीर्घा में डॉक्टर मोहित सनवाल, कैलाश सिरसा ,संजय पंत , जगमोहन मेहरा, सहायक कुलसचिव ,, रितेश सहित विद्यार्थी शामिल रहे। स्वर्गीय श्री बची सिंह बिष्ट को श्रद्धांजलि दी गई तथा डीएसबी परिसर में शोक सभा हुई ।

# फिल्मी दुनिया



## डबल इस्मार्ट का टीजर रिलीज, संजय दत्त से दो-दो हाथ करते दिखे राम पोथिनेनी

*साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। वहीं अब आखिरकार अभिनेता राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा मिला है। आज फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए खुलासा किया था कि वे अभिनेता के जन्मदिन पर फिल्म का टीजर जारी करेंगे। वहीं उन्होंने वादा पूरा करते हुए फैंस को बड़ा तोहफा दिया। टीजर की बात करें तो एक मिनट 26 सेकंड के वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी हैं। टीजर में बिग बुल बने संजय दत्त का नया अवतार देखने को मिला। तेलुगु भाषा में टीजर जारी किया गया है। शंकर का मुकाबला बिग बुल यानी संजय दत्त से होता है। वीडियो में दोनों दो-दो हाथ करते हुए भी दिखे। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है। पोस्टर में राम पोथिनेनी के चेहरे के बीच संजय दत्त के चेहरे की झलक दिखाई गई है।*

### बड़े बजट पर बनाया जा रहा

*टीजर जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा, एक्शन, मनोरंजन और सामूहिक उत्साह की दोहरी खुराक को प्रज्वलित करते हुए। उस्ताद राम पोथिनेनी, संजय दत्त और पुरी जगन्नाध को नए अवतार में पेश कर रहे हैं। टीजर जारी हो गया है। हैप्पी बर्थडे राम पोथिनेनी। डबल इस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ दिन पहले मुंबई में शुरू हुई थी। इस हाई-वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर के लिए हॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर जियानी जियानेली भी काम कर रहे हैं।*

# रोडवेज कर्मचारी यूनियन के नावेद अध्यक्ष व अमन मंत्री बने

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के मंडलीय कार्यालय काठगोदाम के प्रशासनिक शाखा के वार्षिक चुनाव काठगोदाम डिपो के यूनियन कार्यालय में संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी नितिन दीक्षित ,शोएब अख्तर की मौजूदगी में जिसमें एक मत से नावेद अली को अध्यक्ष अमन कुमार को मंत्री चुना गया। इनके अलावा एकता पाल और मो.शाहिद उपाध्यक्ष,सुमन अग्रवाल और माधुरी रावत को संयुक्त मंत्री, अनुज गुप्ता संगठन मंत्री, सचिन कुमार कोषाध्यक्ष, सुनील बिष्ट प्रांतीय प्रतिनिधि, नवीन लोहनी क्षेत्रीय प्रतिनिधि, जबकि बनवारी लाल कार्यकारणी सदस्य चुने गये। मनोनीत सदस्यों ने संयुक्त रूप से मंडलीय कार्यालय के पुराने भवन जर्जर अवस्था मे है, नये भवन का निर्माण को जरूरी बताया बरसात में पुराने भवन के हर कार्यालय में पानी आने की समस्या है। साथ ही कर्मचारियों के पुराने देयकों के भुगतान की भी मांग उठाई गई। इस मौके पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, क्षेत्रीय मंत्री गोपेश्वर श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।



**कुमाऊं परिक्षेत्र के चुनाव कल:** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के कुमाऊं परिक्षेत्र (नैनीताल रीजन) का चुनाव कल गुरुवार को रुद्रपुर स्टेशन परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय मंत्री गोपेश्वर श्रीवास्तव ने बताया कि नैनीताल रीजन के पदाधिकारियों के चुनाव में कुमाऊं भर के सभी डिपो से कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे।

## News कॉर्नर

### जैन ग्लोबल स्कूल रुद्रपुर सीबीएसई दसवीं का प्रथम परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



**रुद्रपुर।** सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में जैन ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय स्तर पर सृष्टि पाल ने हिंदी में 95,सोशल साइंस में 94 और इंग्लिश में 90 अंको के साथ स्कूल टॉप किया। प्राची मिश्रा ने सोशल साइंस में 91,हिंदी 85,और इंग्लिश में 85 अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तृतीय स्थान पर सिमरन सैनी रही। विद्यालय की मैनेजमेंट कमेटी और प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

### सीबीएसई बोर्ड में विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन



**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने सीबीएसई बोर्ड में विद्यार्थियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर सभी को बधाई दी है तथा कहा है कि विद्यार्थी लगातार बेहतरीन प्रदर्शनकर रहे है तथा बहुत सारे विद्यार्थी ने 95 प्रतिसत से ज्यादा अंक लाए है।सभी विद्यार्थियों ने बेहतरीन परफॉर्मेंस दी है।कूटा ने सभी को मुबारकबाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा खुशी व्यक्त की है कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी महासचिव डॉ.विजय कुमार उपाध्यक्ष प्रो नीलू लोधियाल डॉक्टर दीपक कुमार, उपसचिव डॉक्टर संतोष कुमार, डॉक्टर दीपाक्षी जोशी डॉक्टर दीपिका गोस्वामी, प्रो अनिल बिष्ट, डॉक्टर उमंग सैनी,डॉक्टर पैनी जोशी, डॉक्टर सीमा चौहान, डॉक्टर दीपिका पंत ,डॉक्टर नागेंद्र शर्मा , डॉक्टर युगल जोशी , ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा प्रथम दल का स्वागत

हल्द्वानी/पिथौरागढ़

हमारे संवाददाता



पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा प्रथम दल के पहुंचने पर कुमाऊँ मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने यात्रियों का स्वागत किया । यात्रियों ने पर्यटक आवास गृह परिसर में स्थित शिव मंदिर जो निगम कर्मचारियों द्वारा निर्मित किया गया है वहां पर पूजा अर्चना की गई।

दिनेश गुरु रानी द्वारा यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत स्वच्छता शपथ दिलाई गई व शपथ रजिस्टर भरवाया गया। यात्रियों को 6 पौधे दिए गए जो उनके द्वारा कला पानी, नाभीढांग व जौलिगकौग में लगाए जाएंगे। दिनेश गुरु रानी द्वारा विगत 3 वर्षों से उच्च हिमालय क्षेत्र में यात्रियों के माध्यम से पौधारोपण किया जा रहा है।व हिमालय क्षेत्र में पड़े हुए कूड़े के निस्तारण का कार्य यात्रियों के माध्यम से कराया जा रहा है। दिनेश गुरु नानी ने कहा कि उच्च हिमालय क्षेत्र में पौधा रोपण के लिए प्रभागीय वनाधिकारी बलवंत सिंह शाही के माध्यम से विभागीय दरो पर गोपेश्वर वन अनुसंधान केंद्र से भोजपत्र के पौधे मंगवाए गए हैं। साथ ही भारत तिब्बत सीमा पुलिस के कमांडेंट परमेंद्र सिंह के नेतृत्व में काला पानी , नाभीढांग व जौलिगकोंग स्थित आइटीबीपी चौकी में कार्यरत कर्मचारियों से सहयोग लिया जा रहा है । दिनेश गुरु रानी द्वारा जिलाधिकारी श्रीमती रीना जोशी को कुमाऊँ मंडल विकास निगम की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया वहीं जिलाधिकारी का स्वागत यात्रियों ने किया। जिलाधिकारी द्वारा यात्रियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

यात्रियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रीना जोशी ने कहा कि जिला प्रशासन आदि कैलाश यात्रा के लिए संवेदनशील है। और यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रख रहा है। जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा दल को धारचूला के लिए रवाना किया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि यात्रा दल में 17 महिलाएं व 17 पुरुष शामिल हैं ।यात्रियों का स्वागत करने वालों में हर सिंह ,शेर सिंह, विजयबोरा,, सौरभ खोलिया, राजेंद्र रावल, दीपक, गोपाल, नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे। प्रथम यात्रा दल के कोऑर्डिनेटर पदम सिंह रावल है।

# दोस्त के साथ बाइक सवार से घर जा रहे युवक पर फायरिंग,बाल-बाल बचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुरानी रंजिश के चलते हमलावरों ने बाईक से घर जा रहा युवक पर तमंचे से फायर कर दी। गोली सिर के पास से निकल गई। युवक बाल बाल बच गया तो हमलावरों ने युवक को डंडों से पीट कर अधमरा कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। चौकी रम्पुरा क्षेत्र शांति कालोनी वार्ड 16 निवासी हैप्पी पुत्र जरनैल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि 11 मई को करीब रात 8 बजे अपने दोस्त मोहित उर्फ चुटकी के साथ बाईक से घर जा रहा। आरोप है कि वह रेशमबाड़ी चौक के पास पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे खेड़ा निवासी सुहैल बाबा,समीर, रिज़्वी, यूसुफ, गुलफाम, एजाज समेत 5-6 ने उसकी बाईक को लात मारकर गिरा दी, वह दोस्त समेत



**मुकदमा**

- गोली सिर के पास से निकल गई , बाद में युवक को डंडों से पीट कर अधमरा किया
- 6 नामजद समेत 6 अन्य पर मुकदमा दर्ज, घटना के तीन बाद हुई कार्रवाई

गिर गया। पीड़ित के मुताबिक सुहैल बाबा ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली सिर के पास से निकल गई। पीड़ित के मुताबिक बाद में उक्त लोगों ने उसे डंडों से पीटा और अधमरा कर मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने बताया कि उस पर पुरानी रंजिश के चलते हमला किया है। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर 6 नामजद समेत अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की ओर से आज ही तहरीर दी है। इस पर कार्रवाई की गई।

# फर्म स्वामी के साथ गुड़गांव गये मुनीम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

गल्ला मंडी में एक फर्म स्वामी के साथ गुड़गांव गये मुनीम की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि चौकी रम्पुरा क्षेत्र भदईपुरा निवासी राजपाल ने बताया कि उसका 45 वर्षीय बड़ा भाई वेद प्रकाश उर्फ पप्पू गल्ला मंडी स्थित एक फर्म पर मुनीम था। वह वहां पर 12 साल से मुनीम का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि सोमवार को वह फर्म स्वामी के साथ गुड़गांव काम से गया हुआ था। जहां पर वे लोग रात को रूक गए। इस दौरान खाना खाने के बाद वेद प्रकाश की हालत खराब हो गई थी। जिस पर फर्म स्वामी ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में गुड़गांव में हुए पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को परिजन शव लेकर रुद्रपुर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि लाश देखकर मृतक की पत्नी के साथ ही बेटी डॉली और बेटा शोभित का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चोरों ने घर से हजारों की नगदी समेत सामान उड़ाया

**रूद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र किच्छा बाई पास रोड संजय नगर खेड़ा में अज्ञात चोरों ने एक घर से हजारों की नगदी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। इस मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है। संजय नगर खेड़ा निवासी सुधीर दत्त पुत्र सुखदत्त ने बताया कि वह बिजली मैकेनिक का काम करता है और 8 मई को रोज की तरह उसका परिवार खाना खाकर सो गया था। सुबह उठने पर देखा कि घर से रसोई सिलेंडर, सिलाई मशीन, पांच हजार रूपये नगद व कई आवश्यक कागजात चोरी हो गया। उसने बताया कि मामले की सूचना तुरंत थाना पुलिस को दी। परंतु पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।

# व्यापार मंडल कालाढूंगी की कार्यकारिणी गठित, राजेश अध्यक्ष व? मतलूब महामंत्री बने





हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने नगर इकाई कालाढूंगी की नई कार्यकारिणी गठित कर दी है।

इसके तहत राजेश कुमार गोयल को अध्यक्ष एवं मतलूब ईलाही को महामंत्री मनोनीत किया गया है।? दोनों पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का भरोसा जताया। जिला निर्वाचन अधिकारी गंगोला ने बताया कि नगर इकाई कालाढूंगी के नवमनोनीत अध्यक्ष व महामंत्री को निर्देशित किया गया है कि वे एक वर्ष के भीतर सदस्यता अभियान चलाकर निर्वाचन प्रणाली को प्रभावी बनाकर चुनाव कराएंगे।उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्राजेशदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ,प्रदेश संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, निर्वतमान ग्रामीण इकाई अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा, प्रदेश मंत्री शांति जीना, रूपेंद्र नागर, कालाढूंगी से भगवत सिंह बिष्ट, जनक राज उत्पल, युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल, महामंत्री शिव कपूर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र बोरा, नदीम खान, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर जायसवाल, विजय तिवाड़ी, मुरली मनोहर मुलानी, पंकज कंसल, प्रमोद भट्ट, संजू पाना, जिला संरक्षक अब्दुल कवि, इंद्र कुमार भूटियानी, काठगोदाम अध्यक्ष गोविंद भाकुनी महामंत्री भुवन जोशी ने हर्ष जताया है।

## शहर से एक और बाइक चोरी

**हल्द्वानी।** घर के बार खड़ी बाइक चोरों ने चुरा ली। बाइक स्वामी ने वाहन बरामदगी के लिए पुलिस में गुहार लगाई है।

राजेंद्र नगर लाइन नंबर 1 निवासी मनोज नाथ पुत्र जगदीश नाथ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी हीरो होण्डा स्पलैंडर बाइक संख्या यूए04डी-7125 घर के बाहर खड़ी की थी। जिसे चोरों ने चुरा लिया। पीड़ित ने बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

# स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली हेतु कार्यशाला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ग्राम चौखुटा परवड़ा रोड कसियालेख मुक्तेश्वर में भारत सरकार के कार्यक्रम स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पर्यटन अधिकारी जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भण्डारी ने बताया कि कसियालेख मुक्तेश्वर में भारत सरकार द्वारा स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली कार्यशाला में हॉस्पिटेलिटी से जुडे ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन विभाग में पंजीकृत होम-स्टे एवं होटल संचालकों को उत्तराखण्ड पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता परियोजना स्वजल एवं पर्यटन विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने



बताया कि प्रशिक्षण में स्वैच्छिक रेंटिग प्रणाली, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, भूरा जल प्रबन्धन, पोस्टर पेटिंग, प्लास्टिक को हतोत्साहित करना, स्वच्छता और साफ सफाई की आवश्यकता हेतु प्रशिक्षण दिया गया। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त जनपद में होम स्टे, होटल आदि को स्वच्छता हेतु उचित पाये जाने पर अंकन प्रणाली तैयार की गई जिसमें होम-स्टे, होटल आदि को रेटिंग प्रदान की जायेगी। कार्यशाला में बिमला भटट, लक्ष्मी, नीता शर्मा, शुभम, भपेन्द्र, त्रिभुवन, धरम, मोहित, कपिल मेहरा, पियूश, दिलावर, राजकुमार, पूरन सिंह बिष्ट, हेमराज तथा सौरभ आदि को होम-स्टे एवं होटल संचालकों को प्रशिक्षण दिया गया।

# नगर निगम चुनाव में मातृशक्ति भी बढ़कर ले रही हिस्सा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम के होने वाले चुनाव में मातृशक्ति भी चार बढ़कर हिस्सा ले रही है आज भारतीय जनता पार्टी के नगर कार्यालय भोलानाथ बगीचे हल्द्वानी में वार्ड नंबर 18 से महिला सीट यदि होती है तो श्रीमती मन्नू जायसवाल एवं ज्योति देओल वार्ड नंबर 32 इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर से गीता साहू द्वारा एवं वार्ड नंबर 16 बाजार क्षेत्र से बीनू जयसवाल जी द्वारा आज पार्षद पट हेतु अपना आवेदन नगर के सम्मानित अध्यक्ष प्रताप रैकवार जी को दिया प्रताप रैकवार जी ने मात्र शक्ति का अभिनंदन करते हुए कहां की मातृशक्ति आज हर क्षेत्र में हर क्षेत्र में



आगे बढ़ रही है और आज बड़े गर्व का विषय है कि पार्षद चुनाव हेतु भी बड़ा महिलाओं द्वारा इतनी संख्या में आवेदन दिए गए हैं उन्होंने मातृशक्ति से निवेदन किया कि वह अपने-अपने वार्ड में जनसंपर्क अभियान कर नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कारण इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल वार्ड नंबर 18 के शक्ति शक्ति केंद्र संयोजक धीरज उप्रेती बूथ अध्यक्ष शांति राजोरिया, विजय जायसवाल, रेनू जायसवाल, नीलम, देवल, खुशबू, चांदनी, मंजू जायसवाल, किरण आदि कार्यकर्ताओं ने आवेदन पत्र अध्यक्ष को देते समय उपस्थित थे।वार्ड नंबर - 17 हीरानगर नगर निगम के लिये महिला मोर्चा अध्यक्ष राशि जैन ने नगर अध्यक्ष भाजपा प्रताप रैकवाल जी को आगामी नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से पार्षद पद प्रत्याशी हेतु वार्ड 17 हीरानगर नगर निगम हल्द्वानी के लिए अपनी दावेदारी पेश की।

## सिलेंडर में गैस कम मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**हल्द्वानी।** सिलेंडर में कम गैस मिलने की शिकायत को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। राजपुरा के राजेंद्रनगर निवासी बीना देवी ने इंडेन का सिलेंडर भरवाया।

इसका वजन जांचा गया तो उसमें करीब चार किलो गैस कम मिली। कांग्रेस नेता हेमंत साहू ने सिटी मजिस्ट्रेट से इसकी शिकायत की। इस पर माप-तौल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सिलेंडर की जांच की तो शिकायत सही पाई गई। बताया गया कि इस मामले में इंडेन गैस के प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।